# Government Degree College Nainbagh

**N. G. Road Nainbagh (Tehri Garhwal)-249186, Uttarakhand**

**(Affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University, Badshahithaul, Uttarakhand)**

**Website:** http://gdcnainbagh.in **Email:** principalgdcnainbagh2001@gmail.com


## Anti-drug Cell report 2022-23

**Convener: Dr.Madhu Bala Juwantha**

**Assistant Professor and Head, Department of Political Science**

### Program -01

**Awareness Program in 34th Nainbagh Sharad Mahotsava, 05-08 November 2022**

**Outreach activity**






### Program-02

- **Lecture on de-addiction by Mr. Balbeer Singh Rawat, Incharge Police Station, Nainbagh**
- **Slogan and speech Competition on de-addiction**



# Government Degree College Nainbagh

**N. G. Road Nainbagh (Tehri Garhwal)-249186, Uttarakhand**

**(Affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University, Badshahithaul, Uttarakhand)**

**Website:** http://gdcnainbagh.in **Email:** principalgdcnainbagh2001@gmail.com









BREAKING NEWS

# बुलन्द वाणी

मजलूमों की आवाज़...

Facebook & Youtube Buland Vani News

02-अक्टूबर-2022 | Email-dainikbulandvani@gmail.com | M. 9760241521, M. 8923196960

संजय कुमार राजपूत

## महाविद्यालय नैनबाग में मनायी गयी महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती।

टिहरी गढ़वाल, नैनबाग। राजकीय महाविद्यालय में आज महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। जिसमें महाविद्यालय के सभी कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रुप में नैनबाग पुलिस चौकी प्रभारी श्री बलबीर सिंह रावत जी ने युवा पीढ़ी को नशे के प्रति सतर्क किया उन्होंने बताया कि क्षेत्रवासियों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए किसी भी प्रकार का नशा नुकसानदायक होता है । जैसे-जैसे समाज का विकास हो रहा है वैसे-वैसे नशे के नए-नए स्वरूप सामने आ रहे हैं जिनसे निपटना बहुत जरूरी हो गया है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वह अपने क्षेत्र में गांव में या आसपास में नशे के प्रयोग को रोकने में भूमिका निभाएं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुमिता श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया एवं महाविद्यालय के स्वच्छक/चौकीदार श्री मोहनलाल को शॉल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्य छात्र छात्राओं को अपने जीवन में महात्मा गांधी के आदर्शों को उतारने के लिए प्रेरित किया प्राचार्य ने बताया कि महात्मा गांधी अपने पुस्तक 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग' में किस प्रकार से अनेक गलतियों के बावजूद जीवन की ऊंचाइयों तक पहुंचने की बात महात्मा गांधी ने की है । महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दिनेश चंद्र ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन यात्रा पर प्रकाश डाला तथा बताया कि जीवन में सत्य और सादगी तथा अहिंसा के द्वारा हम समाज को एक संदेश दे सकते हैं जो विकास के लिए सहयोगी होगा। कार्यक्रम का आयोजन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.मधु बाला जुवाँठा द्वारा किया गया। डॉ. मधु बाला जुवाँठा ने मंच संचालन करते हुए सभी को कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया तथा छात्र छात्राओं को महाविद्यालय में प्रत्येक दिन उपस्थित होने हेतु प्रेरित किया। डॉ. जुवाँठा ने इस कार्यक्रम में नशे के खिलाफ छात्रों में एकजुट होने के लिए प्रेरित करते हुये छात्रों के द्वारा नशा मुक्ति अभियान पर आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में उपस्थित छात्रों को प्रोत्साहित किया । विजेता छात्र-छात्राओं में निकिता कैन्त्यूरा बी.ए.प्रथम वर्ष प्रथम स्थान,सध्यां रावत बी.ए. प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान,अनुज बी.ए.प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।कार्यक्रम के समापन एवं धन्यवाद में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. परमानन्द चौहान ने मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष तथा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय के समस्त कर्मचारियों को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के बताएं संदेश को जीवन में उतारने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. श्रीश कुमार डॉ.संदीप कुमार,डॉ. दिनेश चंद्र,श्री विनोद कुमार,श्री दिनेश सिंह पवार,श्री भुवन चंद डिमरी,श्री सुशील चंद्र कुकरेती, श्री अनिल सिंह,श्री मोहनलाल, श्रीमती रीना आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु महत्वपूर्ण योगदान दिया।


विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए

सम्पर्क करें

राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

# Government Degree College Nainbagh

**N. G. Road Nainbagh (Tehri Garhwal)-249186, Uttarakhand**

**(Affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University, Badshahithaul, Uttarakhand)**

**Website:** http://gdcnainbagh.in **Email:** principalgdcnainbagh2001@gmail.com


## Program-03

- **Lecture on de-addiction by Dr. Vineet Rohila, PHC Nainbagh on the occasion of Uttarakhand Foundation Day 09 November 2022**









दैनिक बुलन्द वाणी

संजय कुमार राजपूत

**34 वें शरदोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय नैनबाग की छात्राओं को मिला प्रथम स्थान।**

टिहरी गढ़वाल, नैनबाग। 34 वाँ नैनबाग शरदोत्सव 5 से 8 नवम्बर में आयोजित हुआ। क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में राजकीय महाविद्यालय नैनबाग के छात्र-छात्राओं की ओर से कबड्डी, बैडमिंटन,कैरम,सामान्य ज्ञान एवं नृत्य प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया जिसमें कब्बड्डी बालिका वर्ग में महाविद्यालय की छात्राएं सेमीफाइनल तक पहुंची। नृत्य प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं संध्या रावत, निकिता, तनु रावत, मोनिका,खुशी चौहान, अंजलि चौहान, अंजलि सजवान, आशिका, शिवानी, अंजलि विश्वकर्मा, अंबिका एवं रिकी रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही राज्य स्थापना दिवस पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुमिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें नशा मुक्ति पर विचार गोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नशा मुक्ति सेल के नोडल अधिकारी डॉ मधु बाला जुवांठा ने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ विनीत कुमार रोहिल्ला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नैनबाग ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि जो भी लोग नशे में लिप्त होते हैं वह खुद और समाज दोनों के लिए खतरा बनते हैं। कार्यक्रम का संचालन श्री परमानंद चौहान ने किया। उन्होंने महाविद्यालय एवं स्थानीय स्तर पर नशे के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। कार्यक्रम में डॉ बृश कुमार डॉक्टर दिनेश चंद्र डॉ संदीप कुमार द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुमित श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य ने छात्रों को नशे के खिलाफ जन जागरूकता फैलाने हेतु प्रोत्साहित किया तथा उन्हें स्वयं नशा मुक्त रहने की अपील की। श्री परमानंद चौहान ने भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया, जिसमें छात्रों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। भाषण प्रतियोगिता में देवांशी कवि को प्रथम संध्या रावत को द्वितीय एवं अंकुश को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ निबंध प्रतियोगिता का आयोजन श्री संदीप कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र, द्वारा किया गया। निबंध प्रतियोगिता में अंकुश प्रथम स्थान संध्या रावत द्वितीय स्थान तथा अंजलि चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के के श्री चेतन सिंह श्री विनोद चौहान श्री दिनेश पवार श्री रोशन सिंह श्री अनिल सिंह एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।


विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

# Government Degree College Nainbagh

**N. G. Road Nainbagh (Tehri Garhwal)-249186, Uttarakhand**

**(Affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University, Badshahithaul, Uttarakhand)**

**Website:** http://gdcnainbagh.in **Email:** principalgdcnainbagh2001@gmail.com

## Program -04

## Lecture on Traffic security and de-addiction by Shri Subhash Kumar, Head Constable, Police Station, Nainbagh on 12 December 2022






इंडिया संवाद

उत्तराखंड

राजकीय महाविद्यालय नैनबाग टिहरी गढ़वाल में सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया

By admin December 14, 2022



इंडिया संवाद

टिहरी। आज राजकीय महाविद्यालय नैनबाग टिहरी गढ़वाल के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया | इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सविता श्रीवास्तव ने की| इस अवसर पर नैनबाग पुलिस चौकी के उप निरीक्षक श्री तेज सिंह रावत, हेड कांस्टेबल मेराज आलम, व हेड कांस्टेबल सुभाष कुमार उपस्थित रहे|

सुभाष कुमार जी ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी दी| इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्रा ने भी सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति के बारे में जानकारी दी| इस अवसर पर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष श्री संदीप कुमार जी ने भी इससे संबंधित विचार रखें| इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्र – छात्राओं को न केवल विभिन्न प्रकार की जानकारी दी बल्कि अपना आशीर्वचन भी दिया| इस अवसर पर हेड कांस्टेबल सुभाष कुमार ने छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई |इस अवसर पर



indiasamwad.com/?p

इंडिया संवाद

सुभाष कुमार जी ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी दी| इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्रा ने भी सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति के बारे में जानकारी दी| इस अवसर पर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष श्री संदीप कुमार जी ने भी इससे संबंधित विचार रखें| इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्र – छात्राओं को न केवल विभिन्न प्रकार की जानकारी दी बल्कि अपना आशीर्वचन भी दिया| इस अवसर पर हेड कांस्टेबल सुभाष कुमार ने छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई |इस अवसर पर अनुसेवक अनिल सिंह नेगी, छात्र नेता और अर्जुन सिंह कंटूरा एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे|


Previous article
राजकीय महाविद्यालय नैनबाग टिहरी गढ़वाल में सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया

Next article
CM धामी ने 11वीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

# Government Degree College Nainbagh
**N. G. Road Nainbagh (Tehri Garhwal)-249186, Uttarakhand**
**(Affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University, Badshahithaul, Uttarakhand)**
**Website:** http://gdcnainbagh.in **Email:** principalgdcnainbagh2001@gmail.com

## Program-05

## Awareness rally in Nainbagh market on anti-drug on 20 March 2023









# नशे के नकारात्मक प्रभावों के प्रति जन जागरूकता रैली का आयोजन

**टिहरी/नैनबाग ( शिवाँश कुँवर )।** राजकीय महाविद्यालय नैनबाग में एन्टी ड्रग सेल के अंतर्गत नशे के खतरों एवं स्वास्थ्य पर इसके नकारात्मक प्रभावों के प्रति जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुमिता श्रीवास्तव ने रैली में सम्मिलित छात्र छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि महाविद्यालय परिसर के साथ ही उत्तराखंड राज्य को नशा मुक्त करने में युवाओं की अहम भूमिका है। एन्टी ड्रग सेल की नोडल अधिकारी डॉ.मधुबाला जुवाँठा ने कहा कि महाविद्यालय के द्वारा ड्रग फ्री देवभूमि अभियान में स्थानीय सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं व छात्र-छात्राओं के सहयोग से निरंतर नशा मुक्ति जन जागरूकता सम्बन्धित कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

जन जागरूकता रैली की सराहना करते हुए छात्र छात्राओं के साथ ही स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर रैली में हिस्सा लिया। छात्र छात्राओं ने बैनर पोस्टर एवं रैली के माध्यम से नैनबाग मुख्य बाजार में नशा मुक्ति हेतु जनता को प्रेरित किया तथा नशे के खिलाफ नारे लगाए इस रैली में महाविद्यालय के अस्सिस्टेंट प्रोफेसर परमानंद चौहान एवं अस्सिस्टेंट प्रोफेसर चतर सिंह व अनिल नेगी आदि उपस्थित रहे।

## Program-06

## Outreach program in Tator village-Nukkad Natak on de-addiction on 25.04.2023





http://www.khabarsagar.co.in/?p=61441

Outreach Program - Google Drive | राजकीय महाविद्यालय नैनबाग में हु

navaltimes.in/राजकीय-महाविद्यालय-नैनब-6/

समाचार

## राजकीय महाविद्यालय नैनबाग में हुआ आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

संजीव शर्मा April 25, 2023



Outreach Program - Google Drive | राजकीय महाविद्यालय नैनबाग में हु

navaltimes.in/राजकीय-महाविद्यालय-नैनब-6/

आज दिनांक 25 अप्रैल 2023 को राजकीय महाविद्यालय नैनबाग टिहरी गढ़वाल द्वारा गोद लिए हुए ग्राम – टटोर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के अंतर्गत स्वच्छता व स्वास्थ्य, जल प्रबंधन, कचरा प्रबंधन और नशा मुक्ति संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें एंटी ड्रग सेल के नोडल अधिकारी डॉ मधु बाला जुवांठा ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा निरंतर नशा मुक्ति हेतु जन जागरूकता संबंधी कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ0 विनीत रोहिला ने बताया कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य का मूल है , शारीरिक और मानसिक विचारों की स्वच्छता का होना आवश्यक है एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक श्री हरभजन सिंह जी ने बताया कि नशा हमारी पूरी जिंदगी को खराब कर देता है जिसके लिए एंटी ड्रग सेल द्वारा स्थानीय लोगों को नशे से होने वाले भयंकर दुष्प्रभाव के संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं।

ग्रामीण वासियों से अपील की गई कि शादी समारोह मे परोसे जाने वाले नशे सम्बन्धी सामग्री पर रोक लगाने हेतु सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा।

अतः सामूहिक प्रयास से ही हम अपने समाज को व संपूर्ण उत्तराखंड को नशा मुक्त कर सकते हैं। छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्राम टटोर के लोगों को यह बताने का प्रयास किया कि नशा सभी तरह से परिवार को तथा व्यक्ति को नुकसान पहुंचाता है। यदि हम खुशहाल परिवार तथा स्वस्थ जीवन चाहते हैं तो हमें नशे से दूर रहना सीखना होगा। जल संस्थान की प्रतिनिधि सोनिका रावत ने बताया कि जल ही जीवन है, जल मनुष्य एवं जीव जंतुओं के लिए आवश्यक है तथा सभी को जल का सदुपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया।

महिला मंगल की अध्यक्षा श्रीमती सपना ने बताया कि स्वच्छता, स्वास्थ्य , पर्यावरण को स्वच्छ रखने, कूड़े कचरे का निस्तारण करने एवं जल को संरक्षण करना चाहिए। डॉ0 ब्रीश कुमार ने कचरा प्रबंधन हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन को नष्ट करने और अनावश्यक जल का दुरुप[illegible] करना के लिए जल प्रबंधन के संबंध में जागरूक किया।

Outreach Program - Google Driv × राजकीय महाविद्यालय नैनबाग में हु ×

navaltimes.in/राजकीय-महाविद्यालय-नैनब-6/

महिला मंगल की अध्यक्षा श्रीमती सपना ने बताया कि स्वच्छता, स्वास्थ्य , पर्यावरण को स्वच्छ रखने, कूड़े कचरे का निस्तारण करने एवं जल को संरक्षण करना चाहिए। डॉ0 ब्रीश कुमार ने कचरा प्रबंधन हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन को नष्ट करने और अनावश्यक जल का दुरुपयोग करना के लिए जल प्रबंधन के संबंध में जागरूक किया।

इस कार्यक्रम में संदीप कुमार ने ग्रामीण वासियों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने संबंधी विचार साझा किए एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रयास किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 दिनेश चंद्र ने किया।

इस अवसर पर श्री परमानंद चौहान, चतर सिंह , विनोद कुमार , दिनेश सिंह , रोशन सिंह रावत , अनिल सिंह, मोहनलाल, ज्योति रावत, शिवानी, तनीषा , निशा , कंचन चौहान, आशिका, अनुज कुमार , वेदिका , मोनिका, उज्जवल नौटियाल, संध्या रावत, रंजीता, पिंकी, सोनम आदि छात्र-छात्राओं के साथ ही ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

Convener
Dr. Madhu Bala Juwantha
Mobile No:7895506080

Sumita

Prof. Sumita Srivastava
Principal
Government Degree College, Nainbagh
Tehri Garhwal
Mobile No. 8077919619

Principal
Govt. Degree College
Nainbagh (Tehri Garhwal)

# नशामुक्त देवभूमि उत्तराखण्ड




मासिक

# संकल्प पत्र

**प्रवेशांक** | **जनवरी–फरवरी 2023**

उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड द्वारा प्रकाशित

## राजकीय महाविद्यालय नैनबाग (टिहरी) से प्राचार्य डॉ. सुमिता श्रीवास्तव की रिपोर्ट

ड्रग के सेवन करने वाले चिन्हित छात्र पंकज प्रकाश ने महाविद्यालय में सत्र 2021-22 में बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया था। वह ग्राम बनचौरा (उत्तरकाशी) कर निवासी हैं और नैनबाग में अपने रिश्ते दारों के पास रहता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर (ग्राम-पाव) के दौरान प्रथम बार कार्यक्रम अधिकारी श्री संदीप कुमार को अन्य छात्रों के माध्यम से पता चला कि पंकज अलग से जाकर कुछ नशा करता है। इसके पश्चात उन्होंने पंकज पर नजर रखना प्रारम्भ कर दिया। उन्हें शिविर में पंकज का व्यवहार अन्य छात्रों की तुलना में सामान्य नहीं लगा। शिविर में जहां सभी छात्र दैनिक कार्यों को उत्साहपूर्वक कर रहे थे तो वहीं पंकज एक कोने में चुपचाप बैठा रहता था और किसी भी गतिविधि में सम्मिलित नहीं होता था। इसी बीच कुछ छात्रों ने बताया कि पंकज भांग का सेवन करता है और उसकी आंखों को रंग भी लाल रहता है। यह जानकारी प्राप्त होने पर कार्यक्रम अधिकारी ने अत्यन्त सौम्यता के साथ पंकज को अपने पास बिठाकर प्रेमपूर्वक नशे के सेवन करने के विषय में पूछा तो उसने आसानी से स्वीकार कर लिया कि वह नशा करता है। शिविर सामाप्ति पर कार्यक्रम अधिकारी द्वारा यह जानकारी महाविद्यालय की एन्टी ड्रग समिति को दी गई। प्राचार्य के दिशा निर्देशों के अनुसार प्राध्यापकों ने पंकज की गतिविधियों पर विशेष ध्यान रखना प्रारम्भ कर दिया। भीषण सर्दी में भी वह सिर्फ कमीज और चप्पल पहन कर कॉलेज आता था। प्राध्यापकों को पता चला कि उसके पास गर्म कपड़े और जूते हैं, पर नशे का आदी होने के कारण वह यह सब करता है। प्राध्यापकों ने पंकज को एक दिन महाविद्यालय से घर की ओर जाते हुए सड़क के किनारे झाड़ियों के बीच बैठा हुआ देखा, जो कि उसका असामान्य व्यवहार था। यह सब देखकर पंकज के रिश्तेदारों को उसके नशा करने की जानकारी दी गई और उसे प्रेमपूर्वक नशे के दुष्परिणामों के बारे में समझाते हुए नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। पंकज ने अपने गलती स्वीकारते हुए भविष्य में नशे का सेवन न करने का वादा किया। पंकज ने भरोसा दिलाया कि अब वह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनकर उन्हें भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेगा। आखिर प्राध्यापकों की काउंसलिंग रंग लाई।

# SUCCESS STORY

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत से प्राचार्य प्रो.पुष्पेश पांडे की रिपोर्ट-

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत के एम.काम.प्रथम सेमेस्टर के छात्र राहुल बिष्ट का कहना है कि वर्ष 2016 तक मुझे नशे से दूर-दूर तक को मतलब नहीं था, परन्तु धीरे-धीरे मैंने कुछ ऐसे लोगों के साथ मिलना-बैठना शुरू कर दिया जो लोग नशा करते थे। उनके साथ मैंने भी शुरुआत में थोड़ी-थोड़ी मात्रा में नशा करना शुरू कर दिया। कुछ समय बाद पता चला कि मुझे भी नशे की आदत जैसी होने लगी और मेरी स्थिति ऐसी हो गई कि मैं कोशिश करने के पश्चात भी इस स्थिति से बाहर नहीं निकल पा रहा था। एक दिन जब मैं रात को कहीं से नशा करके अपने साथियों के साथ घर आया तो घर पर केवल मेरी मां अकेली थी। मुझे देखकर वह रोने लगी। उनको रोते देखकर मैं बहुत दुखी हुआ, परन्तु मेरी मां ने मुझसे कुछ नहीं कहा। मां को मुझ पर भरोसा था कि मैं एक दिन अवश्य इस दलदल से बाहर निकल आऊंगा। महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने भी मुझे समझाया और मां को दुखी देखकर मैंने उसी दिन प्रण कर लिया कि आज के बाद कभी नशा नहीं करूंगा। मैं आज एम.कॉम.प्रथम सेमेस्टर का छात्र हूं और छात्र संघ का अध्यक्ष भी हूं। अब मैं कभी नशा करने वालों के पास बैठता तक नहीं हूं। उन्हें देखकर मुझे हीन भावना होती है। अब मुझे लगता है कि मेरा जीवन सफल है कि मैं सही समय पर नशे से दूर हो गया। यही मेरी कहानी है।- **राहुल बिष्ट**

## सफलता की कहानी..............

# नशामुक्त देवभूमि उत्तराखण्ड




द्विमासिक

# संकल्प पत्र

**द्वितीय अंक** **मार्च–अप्रैल–2023**

उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड द्वारा प्रकाशित

# Success Story

***राजकीय महाविद्यालय नैनबाग टिहरी गढ़वाल के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम सभा मसरास के दौरान की गई काउंसलिंग और प्राचार्या प्रो० सुमिता श्रीवास्तव के प्रोत्साहन से एक महिला ने पाई नशामुक्त और खुशियों से भरी जिन्दगी।***







राजकीय महाविद्यालय नैनबाग टिहरी गढ़वाल के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम सभा मसरास ब्लॉक जौनपुर जनपद टिहरी गढ़वाल में दिनांक 27 फरवरी 2023 से 05 मार्च 2023 तक आयोजित हुआ। शिविर के दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ० दिनेश चंद्रा के नेतृत्व में ग्राम सभा मसरास ब्लॉक जौनपुर जनपद टिहरी गढ़वाल में साफ सफाई एवं नशा मुक्ति अभियान के दौरान एक ऐसी महिला से परिचय हुआ जो बुरी तरह से शराब की लत में अपना जीवन गुजार रही थी। जब डॉ० दिनेश चंद्र ने इनसे बात की और इनका नाम पूछा तो इस महिला ने अपना नाम उर्मिला देवी पत्नी मुरारी बताया और इस बात को स्वीकार किया कि वह शराब पीती है। दिनेश चंद्र को यह भी पता चला कि जिस प्राथमिक विद्यालय में शिविर का आयोजन किया गया था, वहां उर्मिला देवी के दो बच्चे अजय और विजय भी पढ़ते थे। अजय तीसरी क्लास का विद्यार्थी है और विजय पहली क्लास का। दोनों भाइयों से बात हुई तो उन्होंने कहा उनकी मां सुबह से ही शराब पीती हैं, पिताजी मजदूरी का काम करते हैं। पिताजी के लिए अजय को स्वयं सुबह दिन और शाम का खाना बनाना पड़ता है। जब उनकी यूनिफॉर्म देखी गई तो बड़ी गंदी थी, साथ ही ऐसा महसूस हो रहा था कई दिनों से यह बच्चे नहाये भी नहीं है, उनकी माता का बच्चों की सफाई और घर के कार्यों से कम ही मतलब था। ऐसी स्थिति में दोबारा श्रीमती उर्मिला देवी से बात हुई, उन्हें समझाया गया और उनकी काउंसलिंग की गई । फिर दोनों बच्चे दूसरे दिन अपने साफ कपड़े, बैग और नहाकर स्कूल आए। इन दोनों बच्चों की अच्छी विशेषता यह है कि यह बच्चे पढ़ने में बहुत अच्छे हैं । इस बात को विद्यालय के अध्यापकों ने भी बताया। जब सात दिवसीय कैंप का छठवां दिन था, तब महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुमिता श्रीवास्तव ने भी इन बच्चों से बात की। इन बच्चों ने स्वीकार किया जब से सर ने मेरी मां से बात की उस दिन से मेरी मां शराब नहीं पीती हैं और हमारा भी ख्याल रखती है। प्राचार्या ने डॉ० दिनेश चंद्रा को निर्देशित किया कि इस परिवार से समय-समय पर मिलते रहिए और महाविद्यालय स्तर पर इस परिवार के लिए जो भी सहायता हो वह भी की जाएगी। वर्तमान में महाविद्यालय के द्वारा की गई काउंसलिंग और प्राचार्या के द्वारा किए हुए प्रोत्साहन की वजह से यह परिवार खुशी का जीवन जी रहा है।

***सफल कहानी..............***

# नशामुक्त देवभूमि उत्तराखण्ड




द्विमासिक

# संकल्प पत्र

अंक-तृतीय

मई-जून 2023

उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड द्वारा प्रकाशित

# महाविद्यालय की छात्रा ने छुड़ाई पिता की शराब की लत




नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान एवं ड्रग फ्री देव भूमि की मुहिम में राजकीय महाविद्यालय नैनबाग (टि.ग.) का एन्टी ड्रग सेल निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। जिस प्रकार से महाविद्यालय द्वारा नशा मुक्ति को लेकर लगातार छात्र–छात्राओं को जागरूक करने हेतु महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित विभिन्न इकाइयों उदाहरण के लिए स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पुलिस प्रशासन, महिला मंगल दल आदि के द्वारा छात्र–छात्राओं एवं स्थानीय लोगों को विभिन्न प्रकार की जानकारियों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है उसका सकारात्मक परिणाम भी हमें देखने को मिल रहा है। महाविद्यालय की छात्रा कुमारी रंजीता जो कि बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा है ने इसी प्रकार की जागरूकता का परिचय दिया है। अक्सर देखने में आता है कि सामाजिक बदनामी के डर से लोग अपने घर–परिवार में नशे के कारण होने वाले लड़ाई झगड़ों या हिंसक घटनाओं पर पर्दा डालने का प्रयास करते हैं किन्तु महाविद्यालय की छात्रा रंजीता ने इसके विपरीत एक उदाहरण पेश किया है ।

छात्रा के पिता (हिमतु) नशे के आदि हैं व आए दिन शराब पीकर परिवार में हंगामा करते हैं। एक रात तो हद ही हो गई जब छात्रा के पिता ने शराब पीकर रंजीता व उसकी माता पर मारपिटाई व जानलेवा हमला करने की कोशिश की, किसी प्रकार से छात्रा ने स्वयं व अपनी माँ को एक कमरे में बंद कर लिया। यह घटना 24 मई 2023 रात की है। इसके पश्चात छात्रा ने रात में लगभग 10:05 बजे महाविद्यालय के भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ0 ब्रीश कुमार को फोन मिलाया तथा शराब के नशे में धुत्त पिता से स्वयं की व अपनी माँ की जान को खतरा बताते हुए मदद की गुहार लगाई। डॉ0 ब्रीश कुमार ने छात्रा को हिम्मत बंधाते हुए तुरंत नैनबाग पुलिस चौकी पर फोन के माध्यम से सब इंस्पेक्टर श्री प्रवीण कुमार को संपूर्ण घटना की जानकारी दी तथा रात में ही छात्रा के गांव पहुँचकर मदद करने की बात कही। छात्रा का गाँव कपोनीखेत ग्राम सभा मैर जो कि मुख्य मार्ग से पाँच किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जिसमें डेढ़ किलोमीटर का रास्ता पैदल मार्ग का है, रात काफी हो चुकी थी एवं उस दिन महिला पुलिस की अनुपलब्धता के कारण गांव में जाना संभव नहीं था। किंतु पुलिस वालों ने छात्रा से फोन पर संपर्क कर तुरंत पिता से बात करवाने की बात कही छात्रा ने हिम्मत करते हुए अपने पिता को फोन पकड़ाया पुलिस वालों के द्वारा उसके पिता को प्रेम से समझाया गया और साथ ही ना मानने की दशा में कानूनी कार्यवाही किए जाने की बात कही। पिता डर गया व अपने कृत्य के लिए तुरंत ही माफी मांगी व माँ,बेटी पर किसी भी प्रकार की प्रताड़ना ना किए जाने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात पुलिस वालों ने ग्राम सभा मैर के प्रधान श्री करण सिंह कंडारी को जनप्रतिनिधि होने के नाते उनके क्षेत्र की इस घटना से अवगत कराया व पीड़ित छात्रा व उसकी माँ से मिलने के लिए कहा । ग्राम प्रधान उस दिन गांव में उपस्थित नहीं थे किंतु प्रधान जी ने उसी वक्त छात्रा के पिता से फोन पर बातचीत कर पिता को समझाया । घटना के अगले दिन डॉ0 ब्रीश कुमार द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया को संपूर्ण घटनाक्रम से अवगत कराया गया प्राचार्य के निर्देशानुसार छात्रा को महाविद्यालय में बुलाया गया प्राचार्य ने छात्रा द्वारा उठाए गए कदम व साहस की सराहना की एवं उसी समय एंटी ड्रग नोडल अधिकारी डॉ0 मधु बाला जुवाँठा व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र को निरंतर छात्रा के संपर्क में बने रहते हुए समय–समय पर उसके पिता से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिए गए उसी दिन डॉ0 दिनेश चंद्रा के द्वारा फोन के माध्यम से छात्रा के पिता की काउंसलिंग की गई। प्राचार्य द्वारा ग्रीष्मावकाश के पश्चात उक्त गांव में जाकर उसके पिता को मिलकर उनकी काउंसलिंग किये जाने के निर्देश भी दिए गए हैं । एंटी ड्रग नोडल अधिकारी ग्रीष्म अवकाश के दौरान भी निरंतर छात्रा के संपर्क में बनी हुई हैं। उनके द्वारा छात्रा को फोन करके उसके पिता की वर्तमान स्थिति का जायजा भी लिया गया छात्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिता में काफी सुधार है व उन्होंने शराब पीना भी लगभग बंद ही कर दिया है ।

**Success Story** **सफल कहानी..............**

**निर्देशन**
श्रीमती राधा रतूड़ी
अपर मुख्य सचिव
उत्तराखण्ड शासन

**परिकल्पना**
प्रो० आनन्द सिंह उनियाल
संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा/राज्य नोडल अधिकारी
एंटी ड्रग समिति

**सम्पादन**
प्रो० के.एल. तलवाड़
प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय
चकराता (देहरादून)

Printer: ezygraphics8@gmail.com





# 26 जून अन्तर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस

# नशामुक्त देवभूमि उत्तराखण्ड







द्विमासिक

# संकल्प पत्र

**अंक-चतुर्थ** **जुलाई-अगस्त 2023**




उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड द्वारा प्रकाशित

# Activities




सोच फाउण्डेशन
एण्टी ड्रग सेल




एन्टी ड्रग सेल


नशा मुक्त भारत अभियान
NEWS HOUR


राजकीय महाविद्यालय नैनबाग


एण्टी ड्रग सेल


एन्टी ड्रग सेल

# Activities














दैनिक बुलन्द वाणी
मजलूमों की आवाज...

03-अगस्त-2023 संजय कुमार राजपूत




## मैर ग्राम पंचायत में स्थित कपनोली खेत गांव में नशामुक्ति जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन।

टिहरी गढ़वाल, नैनबाग। राजकीय महाविद्यालय नैनबाग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं एंटी ड्रग्स सेल के संयुक्त तत्वाधान में टिहरी जनपद के अंतर्गत मैर ग्राम पंचायत में स्थित कपनोली खेत गांव में नशामुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के एंटी-ड्रग्स सेल को समय-समय पर यह शिकायत मिल रही थी कि इस गांव के लोग कच्ची शराब बनाने का काम करते हैं और स्त्री – पुरुष दोनों इसे पीते भी है | इस कारण इनके बच्चों की पढ़ाई को बड़ा नुकसान हो रहा है। इसी स्थिति को संज्ञान में लेते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुमिता श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र के नेतृत्व में एंटी-ड्रग सेल की नोडल अधिकारी डॉ मधुबाला जुवांठा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सलाहकार डॉ ब्रीश कुमार एवं कुछ स्वयंसेवको को संबंधित गांव में भेजा। वहां पहुंचकर डॉक्टर दिनेश चंद्र ने वहां के लोगों से बात की और पाया कि हकीकत में इस गांव के बारे में जो शिकायत की गई थी कुछ सही है। ऐसी स्थिति में यहां के लोगों की काउंसलिंग करने का काम किया गया और उन्हें समझाया गया कि वे लोग इस काम को छोड़ दें। वरना उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी | गांव के लोगों ने भविष्य में ऐसा न करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कुमारी कंचन चौहान, कुमारी ज्योति रावत ,कुमारी अमीषा चौहान , कुमारी निकिता, अनुज, कुमारी अजिता के अतिरिक्त ग्रामीणों में सुरेशी देवी, कीर्ति देवी सूरज आदि उपस्थित रहे।

# Government Degree College Nainbagh

**N. G. Road Nainbagh (Tehri Garhwal)-249186, Uttarakhand**

**(Affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University, Badshahithaul, Uttarakhand)**

**Website:** http://gdcnainbagh.in **Email:** principalgdcnainbagh2001@gmail.com


## Outreach Activities under

## Mahatma Gandhi National Council for Rural education

1. **First program on 25 April 2023-MGNCRE program in Tator village on Sanitation and hygiene, waste management and water conservation and de-addicition.**

   **External experts:**

   - **PHC Nainbagh- Dr.Vineet Rohila**
   - **Jal Sansthan- Ms. Sonika Rawat**
   - **Mahila Mangal Dal-Ms Sapna**

## News

https://navaltimes.in/राजकीय-महाविद्यालय-नैनब-6/

http://www.khabarsagar.co.in/?p=61441



Outreach Program - Google Driv × | राजकीय महाविद्यालय नैनबाग में हु ×

navaltimes.in/राजकीय-महाविद्यालय-नैनब-6/

आज दिनांक 25 अप्रैल 2023 को राजकीय महाविद्यालय नैनबाग टिहरी गढ़वाल द्वारा गोद लिए हुए ग्राम – टटोर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के अंतर्गत स्वच्छता व स्वास्थ्य, जल प्रबंधन, कचरा प्रबधन और नशा मुक्ति संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें एंटी ड्रग सेल के नोडल अधिकारी डॉ मधु बाला जुवांठा ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा निरंतर नशा मुक्ति हेतु जन जागरूकता संबंधी कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ0 विनीत रोहिला ने बताया कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य का मूल है , शारीरिक और मानसिक विचारों की स्वच्छता का होना आवश्यक है एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक श्री हरभजन सिंह जी ने बताया कि नशा हमारी पूरी ज़िंदगी को खराब कर देता है जिसके लिए एंटी ड्रग सेल द्वारा स्थानीय लोगों को नशे से होने वाले भयंकर दुष्प्रभाव के संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं।

ग्रामीण वासियों से अपील की गई कि शादी समारोह में परोसे जाने वाले नशे सम्बन्धी सामग्री पर रोक लगाने हेतु सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा।

अतः सामूहिक प्रयास से ही हम अपने समाज को व संपूर्ण उत्तराखंड को नशा मुक्त कर सकते हैं। छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्राम टटोर के लोगों को यह बताने का प्रयास किया कि नशा सभी तरह से परिवार को तथा व्यक्ति को नुकसान पहुंचाता है। यदि हम खुशहाल परिवार तथा स्वस्थ जीवन चाहते हैं तो हमें नशे से दूर रहना सीखना होगा। जल संस्थान की प्रतिनिधि सोनिका रावत ने बताया कि जल ही जीवन है, जल मनुष्य एवं जीव जंतुओं के लिए आवश्यक है तथा सभी को जल का सदुपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया।

महिला मंगल की अध्यक्षा श्रीमती सपना ने बताया कि स्वच्छता, स्वास्थ्य , पर्यावरण को स्वच्छ रखने, कूड़े कचरे का निस्तारण करने एवं जल को संरक्षण करना चाहिए। डॉ0 ब्रीश कुमार ने कचरा प्रबंधन हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन को नष्ट करने और अनावश्यक जल का दुरुपयोग करना के लिए जल प्रबंधन के संबंध में जागरूक किया।

Outreach Program - Google Driv × | राजकीय महाविद्यालय नैनबाग में हु ×

navaltimes.in/राजकीय-महाविद्यालय-नैनब-6/

महिला मंगल की अध्यक्षा श्रीमती सपना ने बताया कि स्वच्छता, स्वास्थ्य , पर्यावरण को स्वच्छ रखने, कूड़े कचरे का निस्तारण करने एवं जल को संरक्षण करना चाहिए। डॉ0 ब्रीश कुमार ने कचरा प्रबंधन हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन को नष्ट करने और अनावश्यक जल का दुरुपयोग करना के लिए जल प्रबंधन के संबंध में जागरूक किया।

इस कार्यक्रम में संदीप कुमार ने ग्रामीण वासियों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने संबंधी विचार साझा किए एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रयास किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 दिनेश चंद्र ने किया।

इस अवसर पर श्री परमानंद चौहान, चतर सिंह , विनोद कुमार , दिनेश सिंह , रोशन सिंह रावत , अनिल सिंह, मोहनलाल, ज्योति रावत, शिवानी, तनीषा , निशा , कंचन चौहान, आशिका, अनुज कुमार , वेदिका , मोनिका, उज्जवल नौटियाल, संध्या रावत, रंजीता, पिंकी, सोनम आदि छात्र-छात्राओं के साथ ही ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।



# Government Degree College Nainbagh

**N. G. Road Nainbagh (Tehri Garhwal)-249186, Uttarakhand**

**(Affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University, Badshahithaul, Uttarakhand)**

**Website:** http://gdcnainbagh.in **Email:** principalgdcnainbagh2001@gmail.com

2. **Second program on 16 May 2023-MGNCRE program in Tator village on Grrenery, plantation, energy conservation and Uttarakhand .**
   **External experts:**
   - **HYDEL Nainbagh- Mr. Atul Kumar (JE)**

**NEWS**

https://navaltimes.in/महाविद्यालय-नैनबाग-में-ऊ/


RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
दैनिक बुलन्द वाणी
मजलूमों की आवाज....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
17-मई-2023
संजय कुमार राजपूत

**महाविद्यालय नैनबाग ने आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत ऊर्जा प्रबंधन, हरियाली एवं स्टार्टअप नीति 2023 पर कार्यक्रम का किया आयोजन।**

टिहरी गढ़वाल, नैनबाग। राजकीय महाविद्यालय नैनबाग द्वारा गोद लिए हुए ग्राम टटोर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए आइक्यूएसी समन्वयक श्री परमानंद चौहान ने ऊर्जा प्रबंधन के संबंध में छात्र-छात्राओं एवं ग्रामवासियों को विभिन्न जानकारीयां प्रदान की उन्होंने बताया कि ऊर्जा आधुनिक युग में विकास का एक महत्वपूर्ण घटक है तथा ऊर्जा का संरक्षण करना सतत विकास के लिए जरूरी है। इसके अतिरिक्त हमें सौर ऊर्जा जैसे नवीन ऊर्जा के स्रोतों की ओर बढ़ना होगा जिससे कि पर्यावरण संरक्षण भी संभव हो सके। इस विषय पर जन जागरूकता बढ़ाने हेतु नैनबाग विद्युत विभाग के जे०ई० श्री अतुल कुमार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे तथा उन्होंने ग्राम वासियों को बिजली बचाने के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिजली की आवश्यकता हर व्यक्ति को है तथा बिजली के अभाव में किसी भी व्यक्ति का विकास संभव नहीं है। बिजली के नवीन उपकरणों का उपयोग करके हम अत्यधिक बिजली बचा सकते हैं। अनावश्यक बिजली उपकरणों के उपभोग से हमें बचना चाहिए तथा बिजली उपकरणों का उपयोग तभी करें जब उसकी जरूरत हो अन्यथा उन्हें बंद रखने की आदत डालें कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० मधु बाला जुवाँठा ने हरियाली एवं जैविक खेती हेतु ग्रामवासियों को जागरूक किया उन्होंने बताया कि पेड़-पौधों का संरक्षण करना आवश्यक है, जिससे कि हमारे पर्यावरण की सुरक्षा हो सके साथ ही खेती में जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशकों का उपयोग करके हम स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। इनक्यूबेशन सेंटर समन्वयक डॉ० मधु बाला जुवाँठा ने ग्राम वासियों को उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023 से संबंधित जानकारी दी उन्होंने बताया कि किस प्रकार से हम स्वरोजगार की तरफ बढ़ सकते हैं और इसके लिए सरकार की तरफ से उपलब्ध कराए जा रहे विभिन्न वित्तीय सहायता का भी लाभ उठा सकते हैं। आइक्यूएसी के रोजगार प्रदाता हितधारक श्री बीरेंद्र सिंह रमोला ने अपने अनुभव ग्राम वासियों एवं छात्र छात्राओं से साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार से किसी भी बिजनेस की शुरुआत के लिए कठिन परिश्रम की आवश्यकता होती है एवं समय के साथ धीरे-धीरे उसमें हम आगे बढ़ सकते हैं वर्तमान छात्रसंघ अध्यक्ष अर्जुन सिंह पैन्यूली ने छात्र छात्राओं एवं ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जैविक खेती ही भविष्य की आधारशिला है और जैविक खेती करके हम खुद को तथा अपने परिवार को स्वस्थ रख सकते हैं। कार्यक्रम में बिजली विभाग से श्री गंभीर सिंह महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती रेशमा बिष्ट, श्री भुवन चंद्र, श्री अनिल सिंह छात्र छात्राओं में वर्तमान छात्र संघ सचिव पुनीत, कंचन चौहान, आशिका, किरण, सुनैना, वैदिक, आंचल, अर्चना, ऋषिका नौटियाल एवं उपस्थित रहे।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960









Sumita

Prof. Sumita Srivastava
Principal
Government Degree College, Nainbagh
Tehri Garhwal

Principal
Govt. Degree College
Nainbagh (Tehri Garhwal)